भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

20.11.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 568 का उत्तर

ब्रह्मपुत्र नदी पर रेलपथ का दोहरीकरण

568. श्रीमती क्वीन ओझाः
श्री रमेश चन्द्र कौशिकः
श्री दिलीप शइकीयाः
क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर निर्मित रेलपथ के दोहरीकरण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) क्या गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर निर्मित रेलपथ के दोहरीकरण हेतु कोई कार्रवाई शुरू की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): जनता की मांग और रेलवे की आवश्यकता के आधार पर, ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर सरायघाट पुल दोहरीकरण परियोजना (अगथोरी से कामाख्या तक दोहरी लाइन सहित) को अपेक्षित सरकारी अनुमोदनों के अध्यधीन बजट 2017-18 में शामिल किया गया है। महत्वपूर्ण पुल के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। चूंकि मौजूदा एकल लाइन पुल रेल-सह-सड़क पुल है, इसलिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) से दोहरीकरण के लिए प्रस्तावित रेल-सह-सड़क पुल की लागत को साझा करने के लिए अपनी सहमति देने का अनुरोध किया गया है।

****